राजस्थान सरकार

निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें राजस्थान जयपुर

क्रमाक :—लेखा / बैठक / 2010 / 1550 दिनांक :— 7.6.10

—: बैठक की सूचना :—

निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर के अधीन कार्यालय संयुक्त निदेशक जोन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालयों में पदस्थापित सहायक लेखाधिकारियों / लेखा कर्मियों की मासिक बैठक दिनांक 25 / 06 / 2010 को मध्याह्न पूर्व 11:00 बजे वित्तीय सलाहकार की अध्यक्षता में निदेशालय सभागार में आयोजित की गई है। सम्बन्धित अधिकारी निर्धारित तिथि एवं दिनांक को मय समस्त वांछित सूचना बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

जोन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालयों में पदस्थापित सहायक लेखाधिकारी निम्नांकित अनुसार सूचना विशेष वाहक के द्वारा दिनांक 22 / 06 / 2010 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

1. माह मई, 2010 का जिले के समस्त अधीनस्थ कार्यालयों एवं स्वयं के कार्यालय का व्यय विवरण पत्र।
2. माह मई, 2010 तक नाकारा / अनुपयोगी वाहनों की निलामी की प्रगति / अपने एवं अधीनस्थ कार्यालयों के अनुपयोगी / अप्रचलित / अधिशेष स्टोर्स के निस्तारण की प्रगति।
3. महालेखाकार राजस्थान जयपुर के साथ चलाए जा रहे अंकेक्षण मामलों के निस्तारण सम्बन्धी विशेष अभियान की प्रगति।
4. निदेशक, निरीक्षण विभाग के विशेष जांच प्रतिवेदनों की अनुपालना की प्रगति।
5. स्वयं एवं अधीनस्थ कार्यालयों में चल रहे चोरी / गबन प्रकरणों में की गई कार्रवाई का विवरण एवं अब तक प्राप्त प्रगति।
6. विभागीय आन्तरिक जांच प्रतिवेदनों के बकाया अनुच्छेदों की स्थिति।
7. अधीनस्थ कार्यालयों / चिकित्सालयों में आरक्षित स्टॉक सीमाओं के सम्बन्ध में की गई कार्रवाई का विवरण।
8. निदेशक, निरीक्षण विभाग के भौतिक सत्यापन प्रतिवेदनों में दर्शाए गए स्टोर्स के आधिक्य एवं कमी के सम्बन्ध की गई कार्यवाही का कार्यालयवार पूर्ण विवरण।

उपरोक्तानुसार पूर्ण सूचना निर्धारित समय तक प्रस्तुत नहीं किये जाने को राजकार्य के प्रति उदासीनता मानते हुए सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार समुचित अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

वित्तीय सलाहकार
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
राजस्थान जयपुर

क्रमाक :—लेखा / बैठक / 2010 / 1440 दिनांक :— 7.6.10

प्रतिलिपि :—निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. अतिरिक्त निदेशक, (राजपत्रित / अराजपत्रित) मुख्यालय।
2. समस्त, संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जोन।
3. समस्त, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी।
4. निजी सहायक, निदेशक (जन स्वा.) / परिवार कल्याण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, मुख्यालय।
5. निजी सहायक, वित्तीय सलाहकार, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, मुख्यालय, जयपुर।
6. निजी सहायक, वित्तीय सलाहकार, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन / मुख्य लेखाधिकारी, परिवार कल्याण / मुख्य लेखाधिकारी, आर.एच.एस.डी.पी. / मुख्य लेखाधिकारी एवं सचिव, भण्डार क्रयण संगठन / वरिष्ठ लेखाधिकारी, आई.ई.सी. मुख्यालय।
7. वरिष्ठ लेखाधिकारी / लेखाधिकारी, मुख्यालय।
8. डॉ0 एस.के. मोहनपुरिया, भण्डार अधिकारी, मु0 (मुख्यालय स्थिति वाहन एवं भण्डार सामग्री के निस्तारण बाबत)
9. समस्त सहायक लेखाधिकारी, कार्यालय समस्त संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जोन।
10. समस्त सहायक लेखाधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला।
11. सहायक लेखाधिकारी, बजट / आन्तरिक जांच / महालेखाकार, मुख्यालय, जयपुर।
12. प्रभारी, सर्वर कृपया इस कार्यवाही विवरण को विभाग की वेब–साइट पर अपलोड करने का श्रम करें।
13. केयर टेकर (कृपया दिनांक 25/06/10 को प्रातः 11:00 बजे से हॉल से आरक्षित करें।)
14. रक्षित पत्रावली।

वरिष्ठ लेखाधिकारी
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें,
राजस्थान, जयपुर।